कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर

Email-dfobag-forest-uk.nic.in/ dfo_bageshwar@rediffmail.com
दूरभाष एवं फैक्स नं0: **05963-220249** वन मित्र काल सेटरं– 9208008000

पत्रांक 525 / 121-2 बागेश्वर, दिनांक : 06/ 8 /2024

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि,
कपकोट।

विषय – **जनपद बागेश्वर के विधानसभा क्षेत्र कपकोट में जिला योजना के अन्तर्गत रमाड़ी से मनधूरा तक 3.00 किमी0 मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.990 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।**

सन्दर्भः– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु, परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून का पत्रांक 08बी/यू0सी0पी0/06/79/2023/एफ0सी0 दिनांक 27.03.2024।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में भारत सरकार द्वारा बिन्दु संख्या 05 एवं बिन्दु संख्या 07 के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 31.07.2024 को उक्त क्षेत्र का आपके विभाग के सहायक अभियन्ता एवं कनिष्ठ अभियन्ता के साथ उक्त क्षेत्र का निरीक्षण किया गया जिसमें देखा गया कि उक्त प्रस्तावित समरेखण में आपके विभाग द्वारा किसी प्रकार की मार्किंग/पिलरों का निर्माण नही कराया गया था। जिस हेतु बिन्दु संख्या 05 के सम्बन्ध स्पष्ट निरीक्षण किया जाना सम्भव नहीं हो पाया।

उक्त के क्रम सहायक अभियन्ता एवं कनिष्ठ अभियन्ता द्वारा अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया की 2 सप्ताह भीतर प्रस्तावित समरेखण के अनुसार मार्किंग/पिलरों का निर्माण कर दिया जायेगा।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त मोटर मार्ग में प्रस्तावित समरेखण के अनुसार मार्किंग/पिलरों का निर्माण करने के उपरान्त अतिशीघ्र अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनश्चित करें ताकि भारत सरकार द्वारा लगायी गयी आपत्ति को स्पष्ट/पूर्ण सूचना उच्च स्तर को प्रेषित किया जा सके।

प्रभागीय वनाधिकारी,
बागेश्वर वन प्रभाग,बागेश्वर

"D:\samany 2018-19\land transfer\letter land tansfare.p.w.d kapkot .docx"